शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**राज्य शिक्षा केन्द्र**
पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल–462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

---

क्रमांक: 146/2026/RSKपुन:परीक्षा/कक्षा 5,8 भोपाल, दिनांक24-04-2026

प्रति,
कलेक्टर,
समस्त जिले (म.प्र.)

**विषय- कक्षा 5 व 8 की पुन:परीक्षा सत्र 2025-26 आयोजन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश एवं समय-सारणी जारी करने विषयक ।**

**संदर्भ-1.** राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र./राशिके/मूल्यांकन/कक्षा-5, 8/2025/354 भोपाल, दिनांक 17.12.2025 (परीक्षा निर्देशिका)
2.राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र./92/2026/RSK/मूल्यांकन/कक्षा-5, 8 भोपाल, दिनांक 27.02.2026
3.राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र./117/2026/RSK/मूल्यांकन/कक्षा-5, 8 भोपाल,दिनांक 01.04.2026

विषयांतर्गत लेख है कि संदर्भित पत्रानुसार प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं एवं मदरसों में अध्ययरनत कक्षा 5 व 8 के छात्रों की पुन: परीक्षा सत्र 2025-26 का आयोजन दिनांक 01 से 06 जून 2026 की अवधि में परिशिष्ट-1 व परिशिष्ट-2 पर संलग्न समय-सारणी अनुसार किया जायेगा। पुन: परीक्षा सत्र 2024-25 के आयोजन संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश निम्नानुसार हैं-

**1.** मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों हेतु अतिरिक्त शिक्षण की व्यवस्था- कक्षा-5 व 8 मुख्य परीक्षा सत्र 2025-26 में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों हेतु संलग्न समय- सारणी अनुसार पुन: परीक्षा का आयोजन किया जाना है। पुन: परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा के आयोजन से पूर्व शाला स्तर पर विषयवार अतिरिक्त शिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

**2. प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि-** पुन:परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों द्वारा पूर्व में प्रोजेक्ट कार्य पूर्ण नहीं करने अथवा प्रोजेक्ट कार्य में 7 से कम अंक होने की स्थिति में अध्ययनरत शाला के विषय शिक्षकों द्वारा छात्रों से अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित हुए विषयों के प्रोजेक्ट कार्य पूर्व में जारी सूची अनुसार पूर्ण करवाकर शाला स्तर पर मूल्यांकन किया जाए एवं प्रोजेक्ट के प्राप्तांकों की प्रविष्टि परीक्षा पोर्टल पर कराई जाए।

**3. पुन:परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र-** गतवर्षानुसार ही कक्षा 5 व 8 की पुन: परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र केवल जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर रहेंगे। अगर किसी जिले में किसी परीक्षा केन्द्र पर 500 से ज्यादा परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हों तो उस स्थिति में राज्य शिक्षा केन्द्र से अनुमति उपरांत दूसरा परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जा सकेगा। परीक्षा केन्द्र निर्धारण उपरांत शाला की मैपिंग बी.आर.सी.सी.की लॉगिन से दिनांक 15

मई 2026 तक पूर्ण कर ली जाये।

**4. शाला की परीक्षा केन्द्र से मैपिंग-** शाला प्रमुख के लॉगिन पासवर्ड पर अपनी शाला के परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र देखने की सुविधा उपलब्ध होगी। संबंधित बी.आर.सी.सी.का यह दायित्व होगा कि अपने ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के संस्था प्रमुखों से समन्वय कर सुनिश्चित कर लें कि शालाओं की सही मैपिंग की गई है।

**5. परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने का दायित्व-** पुन: परीक्षा हेतु मैप किए गए परीक्षार्थियों की परीक्षा में उपस्थिति एवं परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख/शिक्षक का होगा। शासकीय शालाओं के परीक्षार्थियों को निर्धारित परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने में होने वाला व्यय स्कूल कंटेन्जेंसी मद से किया जा सकेगा।

**6. पुन: परीक्षा हेतु प्रश्नपत्रों का मुद्रण-** गतवर्षानुसार ही पुन:परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों की ऑन स्पॉट प्रिंटिंग की प्रक्रिया अपनाई जाना है। परीक्षा पोर्टल से प्रश्नपत्रों को डाउनलोड एवं प्रिंट करने की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी-

**6.1** प्रश्नपत्रों को डाउनलोड एवं प्रिंट करने हेतु जिला परियोजना समन्वयक नोडल अधिकारी होंगे।

**6.2** सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर न्यूनतम 02 कम्प्यूटर/लैपटॉप, 02 कार्यशील प्रिंटर, इंटरनेट, पर्याप्त ए-4 साईज पेपर, टोनर की उपलब्धता एवं सुगम विद्युत व्यवस्था हो। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर प्रश्नपत्रों की प्रिंटिंग हेतु एक तकनीकी सहायक की व्यवस्था की जाए। इस हेतु जिले की किसी भी संस्था में उपलब्ध तकनीकी संसाधनों का प्रयोग किया जा सकेगा।

**6.3** परीक्षा दिनांक को परीक्षा प्रारंभ होने से 3 घण्टे पूर्व परीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करके, उस दिवस को आयोजित की जाने वाली परीक्षा के प्रश्नपत्र, परीक्षा केन्द्राध्यक्ष व सहायक परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के लॉगिन से डाउनलोड किए जा सकेंगे। डाउनलोड किए गए प्रश्नपत्रों की प्रिंटिंग परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के लॉगिन पर उपलब्ध कराए गए डॉकेट में प्रदर्शित संख्या के अनुसार की जाना है। कक्षा 5 व 8 के प्रश्नपत्रों की प्रिंटिंग पृथक-पृथक प्रिंटर से की जाए।

**6.4** प्रश्नपत्रों की प्रिंटिंग हेतु 1 रू. प्रति पृष्ठ के मान से राशि व्यय की जा सकेगी

**7. परीक्षार्थियों को प्रवेशपत्र जारी करना-** पुन:परीक्षा हेतु शाला प्रमुख/जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी/बी.आर.सी.सी., डी.पी.सी. के लॉगिन अंतर्गत परीक्षा पोर्टल से परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा रहेगी। समस्त बी.आर.सी.सी. यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके ब्लॉक के सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र दिनांक 25 मई 2026 तक प्राप्त हो जाएं।

**8. परीक्षा अवधि में बच्चों की गर्मी से सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना-**

**8.1** प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं नियमित अंतराल पर बच्चों को पानी पिलाया जाए।

**8.2** लू-लपट व डिहाईड्रेशन से सुरक्षित रखने हेतु परीक्षा केन्द्रों में ओरल रिहाईड्रेशन साल्यूशन (ओ.आर.एस.)/इलेक्ट्रॉल पाउडर/ग्लूकोस पाउडर के पैकेटस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

**8.3** पंखों की व्यवस्था की जाए।

**8.4** स्वास्थ्य संबंधी विषय स्थिति परिलक्षित होने की स्थिति में निकटस्थ स्वास्थ केन्द्र/ अस्पताल ले जाएं।

**9. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन-**

**9.1** पुन:परीक्षा की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दिनांक 08 जून से 12 जून 2026 की अवधि में पूर्ण कराया जाना है। इस हेतु मूल्यांकनकर्ताओं की मैपिंग दिनांक 15 मई 2026 तक पूर्ण की जाए।
**9.2** पुन: परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित मूल्यांकन केन्द्र पर ही किया जाना है।
**9.3** प्रत्येक मूल्यांकन केन्द्र पर रू.1000 प्रति दिवस के मान से अधिकतम 5 दिवस हेतु कुल राशि रू. 5000 (पांच हजार मात्र) व्यय की जा सकेगी।

पुन:परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन संबंधी शेष निर्देश संदर्भित पत्र क्र.2 अनुसार रहेंगे।

**संलग्न-** समय -सारणी (परिशिष्ट -1 व परिशिष्ट -2)

**(हरजिंदर सिंह)**
**संचालक**
**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

पृ.क्रमांक: 146/2026/RSKपुन:परीक्षा/कक्षा 5,8 भोपाल, दिनांक24-04-2026
**प्रतिलिपि-**

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन, वल्लभ भवन भोपाल।
2. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन, वल्लभ भवन भोपाल।
3. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल म.प्र.
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले म.प्र.।
5. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग, म.प्र.।
6. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग समस्त म.प्र.।
7. प्राचार्य, डाईट समस्त म.प्र.।
8. संकुल प्राचार्य, समस्त म.प्र.।
9. जिला परियोजना समन्वयक, समस्त म.प्र.।
10. बी.आर.सी.सी. समस्त विकासखण्ड म.प्र.।
11. नियंत्रक/समन्वयक, आई.सी.टी. कक्ष, राशिके की ओर परीक्षा पोर्टल संचालन के संदर्भ में।
12. एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु आई.सी.टी. कक्ष की ओर प्रेषित।

**संचालक**
**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

Digitally signed by
Harjinder Singh
Date: 24-04-2026
17:42:32

शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल–462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

परिशिष्ट -1

**कक्षा- 5 पुन: परीक्षा वर्ष 2025-26**
**समय-सारणी**
**समय- प्रात: 10:00 से दोपहर 12:30 तक**

| क्र. | दिनांक | दिन | विषय |
|---|---|---|---|
| **1.** | 01.06.2026 | सोमवार | प्रथम भाषा-<br>हिन्दी (SCERT)/(NCERT),<br>अंग्रेजी (SCERT)/ (NCERT),<br>उर्दू ,<br>मराठी |
| **2.** | 02.06.2026 | मंगलवार | गणित<br>अथवा<br>संगीत (दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु) |
| **3.** | 03.06.2026 | बुधवार | द्वितीय भाषा-<br>अंग्रेजी (SCERT)/(NCERT) (जिनकी प्रथम भाषा हिन्दी /उर्दू/ मराठी है)<br>अथवा<br>हिन्दी (SCERT)/(NCERT) (जिनकी प्रथम भाषा अंग्रेजी है) |
| **4.** | 04.06.2026 | गुरुवार | पर्यावरण अध्ययन |
| **5.** | 05.06.2026 | शुक्रवार | *अतिरिक्त भाषा-<br>हिन्दी,संस्कृत,उर्दू,पंजाबी,चित्रकला (मूक-बधिर परीक्षार्थियों हेतु) |

**नोट-**

1. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधान अनुसार निशक्त विद्यार्थियों को निर्देशानुसार अतिरिक्त समय/ लेखक की सुविधा प्रदान की जाये।
2. *अतिरिक्त भाषा वैकल्पिक है।
3. प्रथम भाषा के रूप में हिन्दी/ उर्दू/मराठी का चयन करने पर द्वितीय भाषा अंग्रेजी एवं प्रथम भाषा के रूप में अंग्रेजी का चयन करने पर द्वितीय भाषा के रूप में हिन्दी का चयन करना अनिवार्य होगा।
4. परीक्षा अवधि में स्थानीय/अन्य अवकाश घोषित होने पर भी परीक्षा निर्धारित समय-सारणी अनुसार संपन्न होगी।

**संचालक**
**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

Digitally signed by
Harjinder Singh
Date: 24-04-2026
17:41:02

शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**राज्य शिक्षा केन्द्र**
पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल–462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

**परिशिष्ट- 2**

**कक्षा- 8 पुन: परीक्षा वर्ष 2025-26**
**समय-सारणी**
**समय- प्रात: 10:00 से दोपहर 12:30 तक**

| क्र. | दिनांक | दिन | विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | 01.06.2026 | सोमवार | **प्रथम भाषा-**<br>(सहायक वाचन सहित)<br>हिन्दी (SCERT)/(NCERT) ,<br>अंग्रेजी(SCERT)/ (NCERT),<br>उर्दू,<br>मराठी |
| 2. | 02.06.2026 | मंगलवार | गणित<br>अथवा<br>संगीत (दृष्टिबाधितों हेतु) |
| 3. | 03.06.2026 | बुधवार | द्वितीय भाषा-<br>अंग्रेजी (SCERT)/ (NCERT)<br>(जिनकी प्रथम भाषा हिन्दी/ उर्दू/ मराठी है)<br>अथवा<br>हिन्दी (SCERT)/(NCERT) (जिनकी प्रथम भाषा अंग्रेजी है) |
| 4. | 04.06.2026 | गुरुवार | विज्ञान |
| 5. | 05.06.2026 | शुक्रवार | *तृतीय भाषा-<br>संस्कृत (SCERT/NCERT),हिन्दी, उर्दू,मराठी,उडिया,पंजाबी,गुजराती,<br>चित्रकला (मूकबधिर परीक्षार्थियों हेतु) |
| 6. | 06.06.2026 | शनिवार | सामाजिक विज्ञान |

**नोट-**
1. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधान अनुसार निशक्त विद्यार्थियों को निर्देशानुसार अतिरिक्त समय/ लेखक की सुविधा प्रदान की जाये।
2. प्रथम भाषा के रूप में हिन्दी/ उर्दू/मराठी का चयन करने पर द्वितीय भाषा अंग्रेजी एवं प्रथम भाषा के रूप में अंग्रेजी का चयन करने पर द्वितीय भाषा के रूप में हिन्दी का चयन करना अनिवार्य होगा।
3. प्रथम भाषा के रूप में उर्दू/मराठी का चयन करने पर तृतीय भाषा के रूप में हिन्दी का चयन करना अनिवार्य होगा एवं प्रथम भाषा के रूप में अंग्रेजी का चयन करने पर *तृतीय भाषा के रूप में संस्कृत/उर्दू/मराठी/ उडिया / पंजाबी/गुजराती भाषा/ चित्रकला (मूकबधिर परीक्षार्थियों हेतु) का चयन करना अनिवार्य होगा ।
4. परीक्षा अवधि में स्थानीय/अन्य अवकाश घोषित होने पर भी परीक्षा निर्धारित समय-सारणी अनुसार संपन्न होगी।

संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

Digitally signed by
Harjinder Singh
Date: 24-04-2026
17:39:01